
एशिया में नंबर-1 म्यूजियम के रूप में बिहार म्यूजियम की पहचान गौरवका क्षण

नीतीश कुमार के दूरदर्शी विजन और नेतृत्व को साधुवाद : चंदन सिंह

गयाजी। जद यू के वरिष्ठ नेता चंदन कुमार सिंह ने बयान जारी कर कहा कि बिहार म्यूजियम को एशिया में प्रथम स्थान प्राप्त होना बिहार के लिए गौरव का क्षण है। यह उपलब्धि पूर्व सीएम नीतीश कुमारके दूरदर्शी विजन, दृढ़ इच्छाशक्ति और बिहार की



ऐतिहासिक विरासत, कला एवं संस्कृति को वैश्विक पहचान दिलानेके उनके संकल्प को दर्शाती है।

नीतीश कुमार ने

उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक एवं बिहार की समृद्ध को संरक्षित करने के सांस्कृतिक धरोहरों आधुनिक स्वरूप में साथ-साथ उन्हें में उल्लेखनीय पहल प्रस्तुत करने की दिशा को मिली यह की। बिहार म्यूजियम उनकी उस सोचका अंतरराष्ट्रीय पहचान बिहार की विरासत परिणाम है, जिसमें सम्मान दिलाने का को वैश्विक मंच पर संकल्प निहित है। यह उपलब्धि राज्य की सांस्कृतिक प्रतिष्ठा को नई ऊँचाई प्रदान करेगी। चंदन कुमार सिंहने इस उपलब्धि के लिए नीतीश कुमार को साधुवाद देते हुए कहा कि उनके नेतृत्वमें बिहार की ऐतिहासिक विरासत को मिली नई पहचान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनी रहेगी। बिहार म्यूजियम अतीत की गौरवशाली विरासत और आधुनिक दृष्टिकोणका अनूठा संगम है। इसकी अंतरराष्ट्रीय पहचानसे देश-विदेश के पर्यटकों, इतिहासकारों और कला प्रेमियों के बीच बिहार के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। साथ ही, राज्य में सांस्कृतिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमारने अपने दो दशकों के शासनकाल में विकास के साथ-साथ बिहार की ऐतिहासिक पहचान और सांस्कृतिक मूल्यों को भी प्राथमिकता दी है।


छठ पूजा को लेकर नगर निगम ने तेज की तैयारी

दर्जनों से अधिक घाटों-तालाबों की सफाई व समतलीकरण शुरू

गयाजी। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजाको लेकर गया नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। कार्तिक महीने की शुरुआत के साथ ही शहर के दर्जनों से अधिक छठ घाटोंकी साफ-सफाई, समतलीकरण और मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया है। छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं को पूजा के दौरान किसी तरह की परेशानी नहीं हो, इसके लिए नगर निगम की ओर से घाटों पर जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने की तैयारी की जा रही है। नगर निगम का मुख्य उद्देश्य छठ महापर्व से पहले घाटों को स्वच्छ, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाना है, ताकि व्रती आसानीसे भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर सकें।

नगर निगम की ओर से विभिन्न छठ घाटों पर साफ-सफाई के साथ जमीन को समतल करने और घाटों तक पहुंचने वाले रास्तों को दुरुस्त करने का काम कराया जा रहा है। जिन घाटोंपर गंदगी जमा है, वहां सफाई कराई जा रही है। वहीं, जिन स्थानों पर जमीन ऊबड़-खाबड़ है, वहां समतलीकरण कर श्रद्धालुओं के लिए जगह तैयार की जा रही है। घाटों पर पहुंचने वाले रास्तों को भी व्यवस्थित करने की योजना है, ताकि छठ पूजा के दौरान व्रतियों और श्रद्धालुओं को आने-जाने में किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

छठ घाटों की तैयारियों के तहत नगर निगम की ओर से उन स्थानों पर विशेष



ध्यान दिया जा रहा है, जहां नालों का पानी बहता है या नालों के कारण श्रद्धालुओं को घाट तक पहुंचने में परेशानी होती है। ऐसे स्थानों पर अस्थायी पुलिया का निर्माण कराया जाएगा, ताकि व्रती और श्रद्धालु आसानीसे घाट तक पहुंच सकें। इसके साथ ही घाटों पर बालू बिछाकर पूजा के लिए उपयुक्त स्थान तैयार किया जाएगा।

छठ पूजा की तैयारियोंके तहत शहरके विभिन्न घाटों पर काम शुरू कर दिया गया है। ब्राह्मणी, घाट, पितामहेश्वर घाट, दिनकर घाट, मानपुर सूर्य पोखरा, सूर्यकुंड तालाब, सिंगरा स्थान घाट, पालीटेक्निक घाट, सीढ़िया घाट, महादेव घाट, वार्ड संख्या 30 स्थित नारायणगढ़ तालाब और केंदुई घाट सहित अन्य प्रमुख घाटों पर छठ पूजाको लेकर तैयारियां को लेकर साफ सफाई सहित अन्य कार्य की जा रही हैं। इन घाटों पर साफ-सफाई के साथ जरूरत के अनुसार अन्य कार्य भी कराए जाएंगे।

चेंजिंग रूम सहित अन्य सुविधाओं की होगी व्यवस्था

छठ पूजाके दौरान व्रतियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए घाटों पर चेंजिंग रूम सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी की जाएंगी। छठ महापर्व में महिलाएं और पुरुष बड़ी संख्यामें पूजा-अर्चना के लिए घाटों पर पहुंचते हैं। ऐसे में चेंजिंग रूम की व्यवस्था व्रतियोंके लिए महत्वपूर्ण होती है। नगर निगम की ओर से घाटोंपर उपलब्ध जगह और जरूरत के अनुसार इन सुविधाओं को विकसित करने की तैयारी की जा रही है। इसके अलावा घाटों की साफ-सफाई, रोशनी, जलापूर्ति और आसपास के रास्तों को व्यवस्थित रखने पर भी जोर दिया जा रहा है। छठ महापर्व बिहार की लोक आस्था का प्रमुख पर्व है। इस दौरान व्रती पूरी श्रद्धा और निष्ठाके साथ भगवान सूर्य और छठी मैयाकी पूजा-अर्चना करते हैं। पर्व के अवसर पर व्रती नदी, तालाब और अन्य जलाशयों के किनारे बने घाटों पर पहुंचकर अस्ताचलगामी सूर्य को संध्याकालीन अर्घ्य और अगले दिन उदीयमान सूर्य को प्रात:कालीन अर्घ्य अर्पित करते हैं। इस दौरान परिवार के सदस्यों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी घाटों पर मौजूद रहते हैं।

जमीन विवाद में हिंसा और फायरिंग मामले में दो गिरफ्तार

चंदौती थाना क्षेत्र के बालदेव नगर की घटना

गयाजी। जिले के चंदौती थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहल्ला बालदेव नगर में जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट, गोलीबारी और बमबाजी के मामले में गया पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपितोंको गिरफ्तार किया है। मामले की गंभीरताको देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार के निर्देश पर विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। पुलिस अन्य आरोपितोंकी गिरफ्तारी के लिए भी लगातार छापेमारी कर रही है। 24 अक्टूबर 2026 को सुबह करीब 11 बजे चंदौती थानाध्यक्ष को बालदेव नगरमें जमीन विवाद की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत करा दिया था। हालांकि, उसी दिन दोपहर करीब दो बजे 40 से 50 लोगों के एक समूह द्वारा विवादित जमीनपर हो रहे चारदीवारी निर्माणको रोकने, तोड़फोड़ करने, गोलीबारी और बमबाजी करने की सूचना मिली।

घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस पदाधिकारी ने मामले का सत्यापन कराया। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज की जांच में करीब 40 से 50 लोगों की भीड़ द्वारा हमला और तोड़फोड़ किए जाने की बात सामने आई। पुलिस के अनुसार, घटनास्थलसे दो सुतली बम भी बरामद किए गए, जिन्हें बम निरोधक दस्ते द्वारा निष्क्रिय किया गया। इस मामले में वादीके लिखित आवेदनके आधार पर चंदौती थाना कांड संख्या 451/26, दिनांक 24 अक्टूबर 2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं, आर्म्स एक्ट तथा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले की गंभीरताको देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसआईटी गठित की गई। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रवि कुमार, पिता उपेंद्र महतो, निवासी कटारी, चंदौती थाना क्षेत्र तथा अनुज कुमार, पिता स्वर्गीय मनोज पासवान, निवासी कटारी, न्यूडीह स्थान, चंदौती थाना क्षेत्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस अन्य आरोपितों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए अभियान चला रही है।

आयुर्वेद मार्तंड वैद्य डा. सिद्धिनंदन मिश्र को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

गया जी।आयुर्वेद जगत के प्रख्यात विद्वान, चिकित्सक एवं शिक्षाविद् स्वर्गीय प्रो. वैद्य डा. सिद्धिनंदन मिश्र के निधन पर डाक्टर विवेकानंद पथ गोल बागीचा में आयुर्वेद रक्षा एवं विकास संस्थान, भारतीय राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा एवं कौटिल्य मंच के संयुक्त तत्वावधान में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता डा. विवेकानंद मिश्रा ने किया। डाक्टर मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा की शरीर की दृष्टि से धन की दृष्टि से बुद्धि की दृष्टि से शक्ति संपन्न तो अनेक मिल जाते हैं, परंतु प्रतिभा की संपदा मात्र उनके व्यक्तित्व को सौभाग्य मंडित करती है जिन्होंने स्वयं को तपने एवं निखारनेमें समय श्रम मनोयोग को लगाया है उनमें ही एक थे आयुर्वेद के मार्तंड कहे जाने वाले आयुर्वेद रक्षा एवं विकास संस्थानके संरक्षक पंडित सिद्धिनंदन मिश्र जी।

आयुर्वेद के क्षेत्रमें उनके उल्लेखनीय योगदान, शैक्षणिक उपलब्धियों और समाज के प्रति उनकी सेवाओं को याद करते हुए डाक्टर मिश्रा ने आगे कहा की आयुर्वेद जगतके एक निष्ठ साधक मिश्राजी ने अपनी सेवा यात्रा को सदा सर्वदा के लिए 98 वर्ष के पड़ाव पर



पहुंचकर हम सबोंसे अलग हो गए। डाक्टर मिश्रा ने कहा की गया जिले के एक प्रतिष्ठित संभ्रांत विद्वान सूर्याश परिवारमें जन्म लिए कंदौल गांव निवासी थे। ख्यातिप्राप्त आयुर्वेद चिकित्सक डाक्टर संपूर्णानंद मिश्रा रांची ने कहा कि आयुर्वेद के प्रति उनकी निष्ठा, विद्वत्ता और दीर्घकालीन सेवाओं को देखते हुए राष्ट्रीय स्तर पर तत्कालीन महामहिम राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया था। श्रद्धांजलि सभा में सचिदानंद मिश्र नैकी विधायक, दिव्य रश्मि ज्योति मांझी, डा राकेश दत्त पाठक डा ज्ञानेश भारद्वाज डाक्टर रविंद्र कुमार डाक्टर दिनेश कुमार सिंह मनीष कुमार डा रश्मि डा. अकेला मृदुला मिश्रा डिंपल कुमारी डा प्रमोद मिश्रा किरण पाठक पुष्पा डा. रमेश कुमार उपाध्याय डा राजीव नयन मिश्रा अरुण ओझा महेश मिश्र अच्युत मराठे रश्मि मिश्रा रिया कुमारी शीतल चौबे रणजीत पाठक पूनम कुमारी प्रोफेसर रीना सिंह वीणा रूबी सोनी मिश्रा पार्वती देवी सज्जन कुमार राम केवल सिंह पुष्पांजलि मनोज कुमार सिंह गौरव कुमार सिंह नुसरत प्रवीण सीमा पोद्दार आदि मौजूद थे।

अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ जद यू के प्रखण्ड अध्यक्षोंकी सूची जारी

गयाजी। जनता दल यू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि जनता दल यू के जिला अध्यक्ष अजय कुशवाहा से अनुमोदन करा करके प्रखण्ड अध्यक्ष की सूची जारी कर दिया है। श्री कुमार ने बताया कि 20 साल बेमिसाल नीतीश सरकारके विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सभी हाट- बाजारोंमें प्रदर्शनी के माध्यम से दर्शकों को बताने के लिए शीघ्र कार्यक्रम शुरूकी जाएगी। श्री कुमारने कहा कि संवाद से सबंध और संगठन का विस्तार होगा। प्रदर्शनीके द्वारा संवाद होगा। दर्शकों से संबध बनेगा। श्री कुमार ने बताया कि गया जिले के सभी प्रखण्ड में अध्यक्ष मनोनीत कर दिया गया है। प्रदर्शनी लगानेमें सभी प्रखण्ड अध्यक्ष का अहम भूमिका होगा।

प्रखण्ड अध्यक्ष मनोनयन की सूची के तहत परैया विरेंद्र सिंह चंद्रवंशी, 2 गुरारू राकेश कुमार दांगी, 3 गुरुआ सुरेन्द्र सिंह चंद्रवंशी, 4 आमस विवेक रौशन, 5 शेरघाटी मो शमशाद आलम, 6 डोभी मो इमरान अंसारी, 7 बांके बाजार मंदीप प्रजापति, 8 इमामगंज जनार्दन प्रसाद दांगी, 9 डुमरिया सुरेश ठाकुर, 10 बाराचट्टी दयानंद विश्वकर्मा, 11 मोहनपुर राजनंदन कुमार दांगी, 12 बोधगया संजीत कुमार, 13 टनकुप्पा बिरेंद्र शर्मा, 14 फतेहपुर अरबिंद कुमार, 15 टिकारी कैलाश सिंह चंद्रवंशी, 16 कोंच सरस्वती देवी चंद्रवंशी, 17 बेलागंज नन्दलाल प्रसाद दांगी, 18 चन्दौती शिवपूजन प्रसाद, 19 खिजरसराय श्रीकांत कुमार चंद्रवंशी, 20 नीमचक बथानी नरेश चौहान, 21 अतरी श्रवण केवट, 22 मोहडा अंजू देवी, 23 वजीरगंज मो आरिफ़ हुसैन और 24 मानपुर राजकुमार अकेला को प्रखण्ड अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

जापान से 50 सदस्यीय दल 5 हजार हस्तलिखित पत्रिकाएं लेकर पहुंचा बोधगया

❐ विश्व शांति के लिए की प्रार्थना❐ 14 वर्षों से जारी है अनूठी पहल, 1 लाख पत्रिकाएं तैयार करने का लक्ष्य

बोधगया (आससे)। विश्व शांति, मानव कल्याण और आपसी भाईचारे का संदेश लेकर जापान से 50 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल सोमवार को बोधगया पहुंचा। दलने सुबह सात बजे महाबोधि मंदिरमें भगवान बुद्धके दर्शन कर पूजा-अर्चना की और विश्व शांति की कामना की। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल



ने बोधगया स्थित जापानी मंदिरमें भी धार्मिक अनुष्ठान किया। भारत के प्रमुख पर्यटन व्यवसायी प्रमोद जायसवाल ने बताया कि जापान से हस्तलिखित पत्रिकाएं बोधगया लाने की परंपरा पिछले 14 वर्षों से जारी है।

जापानके नारा प्रांत स्थित सातवीं सदी के ऐतिहासिक यक्षिजी मंदिरके प्रधान पुजारी किताटसू इकोमा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल बोधगया पहुंचा। इस पहल को सफल बनाने में संसे तोकुरा, संसे नेगुरो बोकुदो सहित अन्य धर्मगुरुओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

धार्मिक पर्यटन से मजबूत हो रहे भारत-जापान के संबंध

प्रतिनिधिमंडलके साथ आए एलपीटीआई ट्रैवल एजेंसी के उपप्रधान समीर शुक्लाने बताया कि उनकी एजेंसी जापान से बौद्ध श्रद्धालुओं सहित विभिन्न पर्यटक समूहों को भारत लाने का काम करती है।

वहीं, बोधगया होटल एसोसिएशन के महासचिव एवं महामाया पैलेस होटल के संस्थापक सुदामा कुमार ने कहा कि हस्तलिखित संदेशों के माध्यम से जापान के लोग भगवान बुद्ध के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करने के साथ विश्व शांति, भाईचारे और मानव कल्याण की कामना करते हैं। आयोजकों के अनुसार, यह पहल केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि भगवान बुद्धके शांति, करुणा और मैत्री के संदेश को दुनिया भर में प्रसारित करने का माध्यम भी है। करीब 95 हजार पत्रिकाएं तैयार होने के बाद अब एक लाख का लक्ष्य पूरा करने की दिशा में प्रयास जारी है।

किडजी एलिमेंट्री स्कूल का आईजी ने किया शुभारंभ

गयाजी। शहर के रामशिला में किडजी एलिमेंट्री स्कूल का भव्य उद्घाटन आज सोमवार को किया गया।



समारोह का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मगध प्रक्षेत्र के आईजी विकास वैभव आईपीएस शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में औरंगाबाद के सांसद अभय कुशवाहा, नगर निगम के महापौर डा. बिरेन्द्र कुमार ऊर्फ गणेश पासवान, महाबोधी मेडिकल कालेज के चेयरमैन राजेश कुमार पाण्डेय एवं पूर्व उप महापौर अखौरी ओंकारनाथ ऊर्फ मोहन श्रीवास्तव मौजूद रहे। कार्यक्रम के आयोजक किडजी रामशिला के फाउंडर एंड डायरेक्टर सेराज वर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। वे पूर्व वार्ड पार्षद जितेन्द्र वर्मा के पुत्र हैं। इस मौकेपर सशक्त स्थायी समिति के सदस्य मनोज कुमार, विनोद यादव, चुन्नू खां, जितेन्द्र वर्मा, स्वर्णलता वर्मा, कुमारी अनुपमा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

बोधगया में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 का पब्लिक इमेज सेमिनार 'कहानियां' आयोजित

बोधगया।रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 के तत्वावधान में रविवार को होटल रामाडा, बोधगया में डिस्ट्रिक्ट पब्लिक इमेज सेमिनार 'कहानियाँ का आयोजन किया गया। रोटरी क्लब आफ गया सिटी द्वारा आयोजित इस सेमिनार का उद्देश्य रोटरी के सेवा कार्यों को प्रभावी ढंग से समाज के सामने प्रस्तुत करना तथा जनसामान्य के बीच रोटरी की सकारात्मक छविको और सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम की शुरुआत रोटेरियनों के बीच मैत्रीपूर्ण संवाद एवं गीतों से हुई। इसके बाद डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अनु नारंगने कार्यक्रमका शुभारंभ किया। राष्ट्रीय गान, दीप प्रज्वलन और गुरुकुल संगीत केंद्र, गयाजी द्वारा प्रस्तुत स्वागत नृत्य ने कार्यक्रम को गरिमामय बनाया। सेमिनार अध्यक्ष डा. अरविंद कुमार सिन्हाने स्वागत संबोधन दिया।

सेमिनारमें रोटरी की सार्वजनिक छवि, प्रभावी संचार, ब्रांडिंग और सेवा कार्यों की कहानियों को समाज तक पहुँचाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनु नारंग ने 'द बिग पिक्चर' विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। आरपीआईसी पीडीजी बिंदु सिंहने द पावर आफ परसेप्शन तथा



एआरपीआईसी पीडीजी निलेश अग्रवाल ने द आर्ट आफ टेलिंग योर रोटरी स्टोरी विषय पर संबोधन दिया। पूर्व रोटरी इंटरनेशनल निदेशक कमल संघवी ने 'जैम त्वजंतल ठतंदक' विषय पर अपने विचार साझा किए। विशेष परिचर्चा ब्रांड स्मार्ट- द रोटरी आईडेंटीटीमें डीपीआईसी पीडीजी जोगेश गंभीर और पीडीजी संदीप नारंग की सहभागिता निर्धारित थी।

कार्यक्रम में विभिन्न रोटरी क्लबों की जनसंपर्क गतिविधियों को प्रोत्साहित करनेके लिए पब्लिक इमेज वीडियो प्रदर्शन और रोटरी पोस्टर ब्रांडिंग चैलेंज भी आयोजित किए जाने थे।'120 सेकंड एलिवेटर पिच -कहानियाँ' सत्र के माध्यम से क्लब प्रतिनिधियोंको अपनी सेवा परियोजनाओं और सामाजिक योगदान की कहानियाँ संक्षेप में प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया।

इस अवसर पर रोटरी क्लब आफ गया सिटी की स्मारिका के विमोचन का कार्यक्रम भी रखा गया। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन महजबीं निशात अंजुम द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम के समापन किया गया।

अमकोला में कब्रिस्तान की जमीन से हटाया गया अतिक्रमण

मोहनपुर (ससू)। मोहनपुर प्रखंडके सिंधुगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार को अमकोला गांवमें कब्रिस्तान की जमीन पर किए गए अतिक्रमणको पुलिस प्रशासन ने सोमवार को हटवा दिया। एक व्यक्ति द्वारा कब्रिस्तान की जमीन पर पशुशाला बना दिया गया था। इसकी जानकारी सिंधुगढ़ थानाध्यक्ष निलेश कुमार ने सोमवार को दी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि अमकोला गांव में कब्रिस्तान की जमीन पर अतिक्रमण किए जाने का मामला सामने आया था। इस पर शेरघाटी के अनुमंडल दंडाधिकारीके आदेशानुसार पुलिस प्रशासनने कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटवाया और कब्रिस्तान की जमीनको अतिक्रमण मुक्त कराया। इस दौरान जमीन पर बनाई गई पशुशालाको भी हटाया गया। कार्रवाई के दौरान मोहनपुर अंचल के अंचलाधिकारी, राजस्व अधिकारी , सिंधुगढ़ थानाध्यक्ष निलेश कुमार सहित पुलिस बल के जवान घटनास्थल पर मौजूद रहे। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद कब्रिस्तान की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया।

विद्यार्थियों को पाक्सो अधिनियम के प्रति किया गया जागरूक

गयाजी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पटना के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार डा राकेश कुमारके निर्देश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार अरविंद कुमार दासके देख रेख में आज गया स्थित +2 जिला स्कूल में 'सुरक्षित बचपन अभियान' के अंतर्गत पाक्सो अधिनियम एवं बच्चोंके यौन अपराधों से संरक्षण के संबंध में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रमका उद्देश्य विद्यार्थियोंको बाल यौन शोषण से संबंधित कानूनी प्रावधानों, बच्चोंके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा किसी भी प्रकार के शोषण की स्थितिमें उपलब्ध कानूनी सहायता के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में न्यायिक दंडाधिकारीमृणाल आर्यन, पैनल अधिवक्ता रविकांत तथा पैरा लीगल वार्लिटियर संतोष कुमार ने भाग लिया।

इस दौरान बच्चों को सुरक्षित वातावरण में रहने, किसी भी अनुचित व्यवहार के प्रति सजग रहने तथा ऐसी घटना होने पर बिना भय के अभिभावकों, शिक्षकों अथवा संबंधित अधिकारियों को जानकारी देने के महत्व से अवगत कराया गया। जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि बच्चों की सुरक्षा समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। बाल यौन शोषण जैसे अपराधों की रोकथाम के लिए जागरूकता, समय पर शिकायत और कानून की जानकारी अत्यंत आवश्यक है जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गया द्वारा 26 से 31अक्टूबर 2026 तक जिले के विभिन्न विद्यालयों में चरणबद्ध तरीके से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

मौके पर प्रभारी प्रिंसिपल कुमारी सरिता, प्रियंका कुमारी, उपेन्द्र कुमार गायत्री कुमारी, कुमारी पूनम, जिला विधिक सेवा प्राधिकार गया के कर्मचारी विकास कुमार, हारून रशीद, अनिल कुमार, अजय कुमार एवं सेंटर डायरेक्टर एनजीओ दिनेश कुमार राय उपस्थित थे।

मगध इंटरनेशनल स्कूल के छात्र अर्णव का रिजनल मैथमेटिकल ओलंपियाड में चयन

टिकारी (आससे)। बातें चाहे शिक्षाकी हो, खेल संगीत की अथवा चित्र कला व निबंध लेखनकी अथवा



अनुशासन की मगध इंटरनेशनल स्कूल टिकारी के छात्र छात्राओं ने हर जगह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपना जलवा बरकार रख घर परिवार, विद्यालय, एवं क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रौशन करते आ रहे। इसी क्रम में मगध इंटरनेशनल स्कूल टिकारीके दशवीं कक्षा का छात्र अर्णव यश यादवने अपनी मेधाप्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए रिजनल मैथमेटीकल ओलम्पियाड (आरएमओ) के लिए चयनित हो परिवार एवं विद्यालयका नाम रौशन कर दिखाया! अर्णव की इस कामयाबी की खबर सुनते ही विद्यालय परिवार काफी खुशी महसूस कर रहा! मालूम हो शैक्षणिक जगतमे ख्याति प्राप्त विद्यालय मगध इंटरनेशनल स्कूल, टिकारीके शानदार सफलता पर विद्यालयके निर्देशक सुधीर कुमार ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि उसका यह उत्कृष्ट प्रदर्शन उसमें और जोश भरेगा ही, साथ ही अन्य विद्यार्थियोंके लिए भी प्रेरणा देनेवाला सिद्ध होगा। उन्होंने बताया कि मूलत: उत्तर प्रदेश के निवासी अर्णव ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता एवं शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन को दिया।

न्यू स्टार फुटबाल क्लब ने क्रेजी फुटबाल क्लब को 2-0 से हराया

गयाजी। आज का मैच क्रेजी फुटबाल क्लब बनाम न्यू स्टार फुटबाल क्लब के बीच खेला गया। मध्यांतर के पहले तक दोनों ही टीम के खिलाड़ियों ने काफी बढ़िया संघर्ष के साथ है खेल दिखाए न्यू स्टार क्लब की ओर से सुजीत कुमार, दिलकश ,वारिस ,इन सबोंने कई अच्छे प्रयास किया। जबकि क्रेजी फुटबाल की ओर से मोहित शर्मा, मोहम्मद शहाबुद्दीन, निहालने भी कई अच्छे प्रयास किया परंतु गोल बनाने में कामयाब नहीं हुए।

पीएम के पिता पर कांग्रेस अध्यक्ष की अमर्यादित टिप्पणी को लेकर भाजपा ने किया विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन

गया जी। स्थानीय टावर चौक पर गया जिला (पूर्वी(अध्यक्ष विजय कुमार माँझीके नेतृत्व में सोमवार को कांग्रेस



अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का पुतला दहन एवं विरोध प्रदर्शन किया गया।

यह विरोध प्रदर्शन पिछले दिनों कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता के संबंध में दिए गए अमर्यादित बयानों के खिलाफ किया गया। इस विवादित टिप्पणी के बाद से भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त था जिसके कारण कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर टावर चौकपर आज जोरदार प्रदर्शन किया और कांग्रेस अध्यक्षका पुतला फूंका। कार्यक्रम के दौरान जिला महामंत्री विनोद सिंह, उपाध्यक्ष विकास कुमार, संतोष सिंह, सुधांशु मिश्रा, सुनील सिन्हा, जिला मंत्री मुन्नी लाल, मोर्चा अध्यक्ष अमर शेखर, करुणा सिंह, देवानंद पासवान, चंदन भदानी, प्रशांत चंद्रवंशी, मीडिया प्रभारी रणजीत कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

केन्द्रीय मंत्री ने किया गोयल फर्नीचर के शोरूम का शुभारंभ

बिहार में 120 करोड़ के नये प्रोजेक्ट की तैयारी

गयाजी। गया-बोधगया रोड पर गया हवाई अड्डे के निकट होटल सिग्नेचर इन के बगल में गोयल फर्नीचर के नए एवं भव्य शोरूम का उद्घाटन रविवार को भारत सरकार के केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने किया। इस अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिक, व्यवसायी, ग्राहक एवं प्रतिष्ठान के शुभचिंतक उपस्थित रहे। वर्ष 1967 से फर्नीचर व्यवसाय में अपनी विशिष्ट पहचान बनाए रखने वाला गोयल फर्नीचर अब अपने नए, बड़े एवं आधुनिक शोरूम के माध्यम से ग्राहकों को खरीदारी का बेहतर अनुभव प्रदान करेगा। शोरूम में घरों, कार्यालयों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए आधुनिक डिजाइन और विभिन्न श्रेणियों के फर्नीचर उपलब्ध होंगे। यह शोरूम डैक फर्नीचर कंपनी का अधिकृत शोरूम है। इसके माध्यम से ग्राहकों को कंपनी के उत्पादों की विस्तृत रेंज एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकेगी। नए शोरूमका उद्देश्य ग्राहकों को बेहतर विकल्प, गुणवत्तापूर्ण उत्पाद और सुविधाजनक खरीदारी का अनुभव प्रदान करना है। इस अवसर पर कंपनी बिहार



में अपने व्यवसाय एवं औद्योगिक गतिविधियों के विस्तारके लिए लगभग 120 करोड़ की लागत से एक नया प्रोजेक्ट शीघ्र शुरू करने की तैयारी कर रही है। प्रतिष्ठानके संचालक संजीव अग्रवाल एवं करण किशोर ने कहा कि ग्राहकों का विश्वास और स्नेह ही गोयल फर्नीचर की सबसे बड़ी पूंजी है। नए शोरूम का शुभारंभ इसी विश्वास को और मजबूत करने तथा ग्राहकों को पहले से बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।